# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में विश्व दुग्ध दिवस 2023 का आयोजन

पन्तनगर। 01 जून 2023। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के शैक्षणिक डेयरी फार्म, नगला में विश्व दुग्ध दिवस 2023 के अवसर पर हवन–पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन विज्ञान, डा. एस.पी. सिंह, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक डेयरी फार्म डा. एस.के. सिंह, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल एवं महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुलपति डा. चौहान हवन पूजा के उपरान्त गायों को हरा चारा एवं प्रसाद खिलाया तथा डेयरी फार्म पर हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर डा. चौहान ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र की संस्था खाद्य एवं कृषि संगठन (एफ.ए.ओ.) द्वारा वर्ष 2001 में 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाये जाने की प्रथा प्रारम्भ की गयी और इस प्रकार पूरे विश्व में विश्व दुग्ध दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हमारा देश दुग्ध उत्पादन में विश्व में प्रथम स्थान रखता है और विश्व के कुल दुग्ध उत्पादन में भारत का 24 प्रतिशत भागीदारी है। आज के दौर में हमारे देश में लगभग 218 मिलियन टन दुग्ध का उत्पादन हो रहा है। मानव भोजन में दुग्ध की महत्ता को देखते हुए इसके उत्पादन में निरन्तर वृद्धि की आवश्यकता है। उन्होंने दुधारू पशुओं के रख–रखाव के ऊपर ध्यानाकर्षण करते हुए बताया कि अगर हम अपने पशुओं का सही से ध्यान रखें, समय से टीकाकरण कराते रहे, समय से चारा देते रहे, तो दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु गौ–पालकों को जागरूक करने की आवश्यकता तथा देशी गाय के दुग्ध को बढ़ाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। इस दिशा में पशुचिकित्सा महाविद्यालय लगातार कार्य कर रहा है और गायों एवं डेयरी फार्म पर दुधारू पशुओं के अच्छे प्रबंधन के कारण हाल ही में लगभग प्रतिदिन 400 से 500 लीटर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हुई है और अब प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 1700 से 1800 लीटर तक पहुंच गया है और जिसे बढ़ाकर 2000 लीटर तक करने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की और विश्व दुग्ध दिवस 2023 के अवसर पर कार्यक्रम आयोजन के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।




*हवन–पूजा करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान के साथ अधिकारीगण।*





*2–3. विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर गायों को प्रसाद एवं हरा चारा खिलाते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान*

निदेशक संचार